**उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**20 जनवरी 2023**

# उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण का 100 वाँ ''रेरा संवाद'' सत्र सफलता पूर्वक आयोजित हुआ

**लखनऊ/गौतम बुद्ध नगर**: आज उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा 100 वाँ "संवाद" मा0 अध्यक्ष श्री राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अब तक संवाद के माध्यम से हितधारकों से जुड़े लगभग 2800 मामलों का अर्थपूर्ण समाधान या तो सफलतापूर्वक कर दिया गया या मामले की अर्थपूर्ण कार्यवाही निर्धारित कर दी गयी। संवाद सत्र में माननीय अध्यक्ष सहित सचिव उ.प्र. रेरा राजेश कुमार त्यागी, प्रिंसिपल एडवाइज़र श्री अबरार अहमद, टेक्निकल एडवाइज़र श्री सुबोध राय, सहायक निदेशक श्री अमरीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कोविड-19 पैंडमिक के दौरान, जब भौतिक रूप से कार्य बाधित थे, उ0प्र0 रेरा द्वारा जून 2020 में 'रेरा संवाद' की ऑनलाइन सुविधा प्रारम्भ की गई थी जिसका उद्देश्य घर खरीदारों, प्रोमोटर्स तथा अन्य हितधारकों की समस्याएँ निर्बाध रूप से सुनकर व उनका समाधान उपलब्ध कराना था। संवाद के माध्यम से हितधारक को घर बैठें अपने समस्या सीधे रेरा अध्यक्ष, सचिव तथा अन्य अधिकारियों तक पहुचाने का मौका मिलता है और त्वरित समाधान भी प्राप्त हो जाता है। इससे हितधारकों और अधिकारियों के समय और ऊर्जा की बचत होती है तथा हितधारकों को घर बैठे, न्यूनतम समय एवं शून्य खर्च में समस्या का समाधान प्राप्त हो जाता है।

जन सामान्य के मुद्दों का प्रभावी तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित कराने के लिए रेरा मुख्यालय, लखनऊ और क्षेत्रीय कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा जाता है जिससे मामलें से जुड़े सम्बन्धित अधिकारी मामलें की वर्तमान स्थिति उपलब्ध करा सके और अग्रिम कार्यवाही निर्देशित की जा सके ।

इन संवाद कार्यक्रमों में जुडने के लिए घर खरीदारों, प्रोमोटर्स एवं अन्य सम्बन्धित हितधारकों अपने मामलें की जानकारी उ0प्र0 रेरा की वेब साईट पर उपलब्ध संवाद के लिंक या विकल्प पर दर्ज करते है जिसके पश्चात आवेदकों को प्राधिकरण द्वारा एक तिथि व समय नियत करके संवाद में जुडने के लिए लिंक प्रेषित किया जाता है।

**राजेश कुमार त्यागी**

सचिव